"आईसीएस 2.0 का शुभारंभ – आईसीपी लखनऊ पर स्मार्ट इमिग्रेशन एवं नवाचार के नए युग की शुरुआत"

लखनऊ | 2 नवम्बर 2026

इमिग्रेशन चेक पोस्ट (ICP), लखनऊ पर 2 नवम्बर 2026 को **इमिग्रेशन कंट्रोल सिस्टम (ICS) 2.0** का औपचारिक शुभारंभ किया गया, जिसके साथ लखनऊ हवाई अड्डे पर डिजिटल इमिग्रेशन सेवाओं के एक नए युग का सूत्रपात हुआ। यह प्रणाली अब सभी अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए क्रियाशील है।

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एन.आई.सी.) के आई.वी.एफ.आर.टी., दिल्ली के **उप महानिदेशक (DDG) एवं प्रमुख (HoG) श्री आनंद स्वरूप श्रीवास्तव तथा निदेशक (आई.टी.) एवं आईसीएस 2.0 के परियोजना प्रमुख श्री अरुण शंकर एम.** के मार्गदर्शन में दिल्ली की टीम ने लखनऊ आकर प्रणाली का शुभारंभ किया। शुभारंभ समारोह में आई.वी.एफ.आर.टी., एन.आई.सी. दिल्ली की टीम से **श्री तरुण कुमार, संयुक्त निदेशक (आई.टी.), श्री जगन नाथ चंचल, उप निदेशक (आई.टी.), श्री जतिन कुमार, सहायक निदेशक (आई.टी.) एवं श्री मोहित मलिक, वैज्ञानिक/तकनीकी सहायक-बी** ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन (BoI) का प्रतिनिधित्व **श्री मोहित तिवारी, सहायक निदेशक (प्रशासन)** ने किया, जबकि आई.वी.एफ.आर.टी., एन.आई.सी. लखनऊ की **सुश्री आस्था, सहायक निदेशक (आई.टी.)** ने लखनऊ हवाई अड्डे पर प्रणाली की स्थापना एवं सहयोग हेतु नोडल अधिकारी के रूप में सहभागिता की। एन.आई.सी. दिल्ली एवं लखनऊ की टीमों तथा ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन के पारस्परिक समन्वय से ही ICS 2.0 की स्थापना, परीक्षण एवं शुभारंभ सफलतापूर्वक संभव हो सका। यह उपलब्धि **श्री अमित भार्गव, राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी (SIO), एन.आई.सी. उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र तथा श्री अनिल कुमार चौरसिया, वरिष्ठ निदेशक (आई.टी.), एन.आई.सी. उत्तर प्रदेश** के पूर्ण सहयोग से संभव हुई।

व्यापक परीक्षण के उपरांत ICS 2.0 को हवाई अड्डे की प्रत्येक अंतर्राष्ट्रीय उड़ान के लिए लाइव संचालन में लाया गया है। चारों प्रमुख सेवाएँ निर्बाध रूप से संचालित हो रही हैं, जिनमें स्वचालित यात्री प्रसंस्करण हेतु ई-गेट, स्वयं-सत्यापन हेतु बायोमेट्रिक कियोस्क तथा आने एवं जाने वाले यात्रियों हेतु आगमन एवं प्रस्थान क्लीयरेंस सम्मिलित हैं।स्थानीय प्रणाली और केंद्रीय सर्वर के मध्य डेटा का समन्वयन (सिंक्रोनाइज़ेशन) भी विश्वसनीय ढंग से हो रहा है, जिससे दोनों स्तरों पर अभिलेख अद्यतन बने रहते हैं।



आईसीपी लखनऊ में ICS 2.0 का शुभारंभ

लखनऊ हवाई अड्डे के आव्रजन हॉल में एन.आई.सी., आई.वी.एफ.आर.टी. दिल्ली, एन.आई.सी., आई.वी.एफ.आर.टी. लखनऊ तथा ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन के अधिकारीगण।

सुगम परिवर्तन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एन.आई.सी., आई.वी.एफ.आर.टी. लखनऊ की टीम द्वारा शुभारंभ के उपरांत तीन दिनों तक निरंतर सहयोग प्रदान किया गया। इस अवधि में टीम ने प्रणाली की निकट निगरानी की तथा प्रणाली का उपयोग कर रहे अधिकारियों को प्रत्यक्ष मार्गदर्शन (हैंडहोल्डिंग) उपलब्ध कराया, ताकि किसी भी परिचालन संबंधी समस्या का शीघ्र समाधान किया जा सके।



आगमन एवं प्रस्थान क्लीयरेंस प्रगति पर

ICS 2.0 के माध्यम से काउंटरों पर यात्रियों को क्लीयर करते आव्रजन अधिकारी।



ई-गेट का संचालन

ई-गेट से गुजरते यात्री।

उत्तर प्रदेश की राजधानी एवं उभरते अंतर्राष्ट्रीय प्रवेश द्वार के रूप में लखनऊ में प्रतिवर्ष विदेशी यात्रियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। ICS 2.0 हवाई अड्डे को इस बढ़ते यातायात के लिए सक्षम बनाती है। **इससे यात्रियों को काउंटरों पर कम प्रतीक्षा करनी होगी तथा अधिकारियों को कम मैन्युअल कार्य के साथ अधिक सटीक एवं सुरक्षित यात्री अभिलेख**

उपलब्ध होंगे। यह परियोजना इस तथ्य का भी उदाहरण है कि राष्ट्रीय स्तर पर विकसित प्रणाली को क्षेत्रीय हवाई अड्डे पर प्रभावी ढंग से लागू एवं संचालित किया जा सकता है।

यह शुभारंभ तकनीक-सक्षम सुशासन तथा यात्रियों के लिए त्वरित, सुरक्षित एवं सुविधाजनक आव्रजन सेवाओं के प्रति एन.आई.सी. की निरंतर प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

“Inauguration of ICS 2.0 – A New Era of Smart Immigration and Innovation at ICP Lucknow”

Lucknow | 2 November 2026

The Immigration Check Post (ICP), Lucknow, ushered in a new era of digital immigration services on 2 November 2026 with the formal inauguration of **Immigration Control System (ICS) 2.0** at Lucknow Airport. The system is now operational for all international flights.

Under the guidance of **Shri Anand Swarup Srivastava, Deputy Director General (DDG) and Head of Group (HoG), IVFRT, NIC Delhi**, and **Shri Arun Sankar M., Director (IT) and Project Lead of ICS 2.0**, the IVFRT, NIC Delhi team visited Lucknow to inaugurate the system. The inauguration was graced by the presence of the team, comprising **Shri Tarun Kumar, Joint Director (IT), Shri Jagan Nath Chanchal, Deputy Director (IT), Shri Jatin Kumar, Assistant Director (IT) and Mohit Malik, Scientific/Technical Assistant-B**. **Shri Mohit Tewari, Assistant Director (Admin)**, represented the Bureau of Immigration (BoI), while **Ms. Astha, Assistant Director (IT), IVFRT, NIC Lucknow**, participated in her capacity as the Nodal Officer responsible for the deployment and support of the system at Lucknow Airport. The successful installation, testing and launch of ICS 2.0 were made possible by the close coordination among the NIC Delhi and Lucknow teams and the Bureau of Immigration, and with the full support of **Shri Amit Bhargava, State Informatics Officer (SIO), NIC UP State Centre, and Shri Anil Kumar Chaurasia, Senior Director (IT), NIC UP**.



Inauguration of ICS 2.0 at ICP Lucknow
Officials of NIC, IVFRT Delhi, NIC, IVFRT Lucknow and the Bureau of Immigration at the immigration hall, Lucknow Airport.

Following comprehensive testing, ICS 2.0 has been put into live operation for every international flight at the airport. All four core services are functioning seamlessly: the

e-Gate for automated passenger processing, the biometric kiosk for self-service verification, and the arrival and departure clearance modules for incoming and outgoing passengers. Data is also being synchronised reliably between the local system and the central server, ensuring that records remain current at both levels.

	
Arrival and departure clearance in progress Immigration officers clearing passengers at the counters through ICS 2.0.	**e-Gate in operation** A passenger passing through the e-Gate.

To ensure a smooth transition, the IVFRT, NIC Lucknow team extended continued support for three days following the launch. During this period, the team closely monitored the system and provided hands-on guidance to the officers using it, so that any operational issue could be addressed promptly.

As the capital of Uttar Pradesh and an emerging international gateway, Lucknow is witnessing a steady rise in the number of overseas travellers each year. ICS 2.0 equips the airport to meet this growth. **Passengers can expect shorter waiting times at the counters, while officers benefit from more accurate and secure passenger records with reduced manual effor**t. The deployment also demonstrates that a system developed at the national level can be implemented and sustained effectively at a regional airport.

The launch reflects the continued commitment of NIC to technology-enabled governance and to immigration services that are efficient, secure and convenient for travellers.